AVAADA
FOUNDATION

दैनिक भास्कर

# ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को स्कूल लाने के लिए अवादा ने दी बस




सिलवानी | सियरमऊ में बुधवार को शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक अहम पहल हुई। स्वर्गीय प्रीति शिक्षा समिति द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर और बिरसा मुंडा जनजाति बालक छात्रावास को अवादा फाउंडेशन ने एक बस भेंट की। बस का शुभारंभ पूजन और अभिनंदन समारोह के साथ हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यालय परिवार, छात्र-छात्राएं, अभिभावक और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। समारोह की अध्यक्षता समाजसेवी और एनआरआई विजय अग्रवाल ने की। मुख्य अतिथि के रूप में अवादा फाउंडेशन की निदेशक ऋतु पटवारी मौजूद रहीं। मंच पर राकेश उइके जिला पंचायत सदस्य, दीपक सिंह रघुवंशी जिला उपाध्यक्ष भाजपा रायसेन और जगदीश प्रसाद विश्वकर्मा भी उपस्थित रहे। अतिथियों ने कहा, ग्रामीण क्षेत्रों में अच्छी शिक्षा तक पहुंच के लिए परिवहन सुविधा जरूरी है। अवादा फाउंडेशन की ओर से दी गई बस से अब दूर-दराज के बच्चे भी नियमित स्कूल आ सकेंगे। यह पहल सामाजिक जिम्मेदारी और शिक्षा विकास का बेहतरीन उदाहरण है।

# पत्रिका

### सरस्वती शिशु मंदिर एवं बिरसा मुंडा जनजाति छात्रावास में कार्यक्रम

# स्वच्छता, पर्यावरण के साथ ग्रामीण शिक्षा को संवारने उठाया कदम

पत्रिका
पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com




**सिलवानी.** सियरमऊ में प्रीति शिक्षा समिति सियरमऊ द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर एवं बिरसा मुंडा जनजाति बालक छात्रावास में बुधवार को अवादा फाउंडेशन द्वारा दान रुप में प्राप्त विद्यालय बस के उपलक्ष्य में अभिनन्दन समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यालय को मिली इस महत्वपूर्ण सहायता के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना और जनसमुदाय को शिक्षा विकास कार्यों से अवगत कराना रहा।

अध्यक्षता समाजसेवी एवं एनआरआई सेवानीवृत्त सीए विजय अग्रवाल ने की। जबकि अवादा फाउंडेशन की निदेशक ऋतु पटवारी मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहीं। विशेष अतिथियों में भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम साहू, जिला पंचायत सदस्य राकेश उईके, भाजपा जिला उपाध्यक्ष दीपक सिंह रघुवंशी एवं ग्राम सियरमऊ के जगदीश प्रसाद विश्वकर्मा सम्मिलित हुए। अतिथियों ने अवादा फाउंडेशन के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार का सहयोग ग्रामीण शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। समिति अध्यक्ष ने सभी अतिथियों एवं सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि ऋतु पटवारी ने बताया कि अवादा फाउंडेशन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण जैसी विभिन्न जनहितकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। जिससे ग्रामीण जनजीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सके। इस अवसर पर विद्या भारती के जनजाति शिक्षक प्रांत प्रमुख रुप सिंह लोहनें, लखन साहू, अरविंद शुक्ला, सर्वेश खरे, अमित शुक्ला, दीनबंधु तिवारी, मनोज रजक सहित छात्र छात्रों के अभिभावाक एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

AVAADA FOUNDATION

पत्र नहीं मित्र

देशबन्धु

# शिक्षा को बढ़ावा देने छात्रों के लिए उपलब्ध कराई बस



**सिलवानी, देशबन्धु।** स्व. प्रीति शिक्षा समिति सियरमऊ द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर एवं बिरसा मुंडा जनजाति बालक छात्रावास में बुधवार को अवादा फाउंडेशन द्वारा दान रूप में प्राप्त विद्यालय बस के उपलक्ष्य में अभिनन्दन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यालय को मिली इस महत्वपूर्ण सहायता के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना तथा जनसमुदाय को शिक्षा विकास कार्यों से अवगत कराना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी एवं एनआरआई सेवानिवृत्त सी.ए. विजय अग्रवाल ने की, जबकि अवादा फाउंडेशन की निदेशक ऋतु पटवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। विशेष अतिथियों में भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम साहू, जिला पंचायत सदस्य राकेश उइके, भाजपा जिला उपाध्यक्ष दीपक सिंह रघुवंशी, तथा ग्राम सियरमऊ के जगदीश प्रसाद विश्वकर्मा सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ऋतु पटवारी ने बताया कि अवादा फाउंडेशन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण जैसी विभिन्न जनहितकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिससे ग्रामीण जनजीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सके। अध्यक्ष विजय अग्रवाल ने भी बच्चों एवं आचार्य परिवार को फाउंडेशन के उद्देश्यों और सामाजिक योगदान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर विद्या भारती के जनजाति शिक्षक प्रांत प्रमुख रूप सिंह लोहनें लखन साहू अरविंद शुक्ला सर्वेश खरे अमित शुक्ला दीनबंधु तिवारी सरपंच प्रतिनिधि मनोज रजक सहित छात्र छात्रों के अभिभावक एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

AVAADA
FOUNDATION

अभयवाणी

# शिक्षा की राह सुगम: अवादा फाउंडेशन ने बिरसा मुंडा जनजातीय बालक छात्रावास को भेंट की स्कूल बस



अवादा फाउंडेशन ने दूरदराज और आदिवासी क्षेत्रों के बच्चों तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुलभ कराने के अपने मिशन को जारी रखते हुए, मध्य प्रदेश के रायसेन जिले की सिलवानी तहसील के बिरसा मुंडा जनजातीय बालक छात्रावास, सियरमऊ को एक 42-सीटर स्कूल बस प्रदान की है। फाउंडेशन ग्रामीण क्षेत्रों में शैक्षिक बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और राज्य में समय विकास को बढ़ावा देने के लिए सतत प्रतिबद्ध है। यह नई बस छात्रावास में रहने वाले और आस-पास के दूर-दराज के आदिवासी गाँवों से आने वाले बच्चों के लिए सुक्षित और विश्वसनीय परिवहन सुनिश्चित करेगी, जो स्कूल में उपस्थिति के सामने एक बड़ी चुनौती थी। इस प्रयास का उद्देश्य स्कूल छोड़ने वालों की दर (ड्रॉपआउट) को कम करना और विशेष रूप से छात्राओं की नियमित उपस्थिति को प्रोत्साहित करना है। बस सौंपने के समारोह में स्थानीय समुदाय और स्कूल अधिकारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस अवसर पर आवादा फाउंडेशन की निदेशक रितु पटवारी, स्थानीय जन प्रतिनिधि, स्कूल के प्रिंसिपल और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस अवसर पर बोलते हुए, रितु पटवारी ने कहा: "आवादा फाउंडेशन में हमारा मानना है कि शिक्षा में व्यक्तियों और समाज को बदलने की शक्ति है। ये आदिवासी एवं वंचित बच्चे, विद्यालय से इनके घरों की दूरी ज्यादा होने की वजह से पढ़ाई छोड़ने के लिए बाध्य थे, इन छात्रों को सुरक्षित और आराम से यात्रा करने में सक्षम बनाकर, हम उन्हें उनके सपनों को साकार करने में मदद कर रहे है।" ज्ञात हो कि आवादा फाउंडेशन द्वारा पहले मध्य प्रदेश के रायसेन, डॉगला और बैतूल, बनखेड़ी में शैक्षणिक संस्थानों को चार 42-सीटर स्कूल बसें प्रदान की गई हैं। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए, फाउंडेशन अगले महीने उत्तराखंड के विद्यालय में भी स्कूल बस प्रदान करने जा रहा है। आवादा फाउंडेशन मध्य प्रदेश के समय विकास में सक्रिय रूप से योगदान दे रहा है, जिसमें उज्जैन में कर्क रेखा पर एक अत्याधुनिक तारामंडलकी स्थापना, खंडवा में एक छात्रावास और वेद विद्यालय का निर्माण के साथ-साथ शिक्षा, पर्यावरण और महिला सशक्तिकरण कार्यक्रमशामिल हैं। इन कार्यक्रमों में सिलाई और कौशल विकास प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं को परिधान और कपड़ा उद्योग से जोड़कर उन्हें स्थायी आजीविका प्रदान करना

AVAADA
FOUNDATION

# विद्यालय को दान में मिली बस का किया पूजन

**▸ सियरमऊ के सरस्वती शिशु मंदिर में हुआ आयोजन**




**सिलवानी, 10 दिसंबर. सियरमऊ में प्रीति शिक्षा समिति सियरमऊ द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर एवं बिरसा मुंडा जनजाति बालक छात्रावास में बुधवार को अवादा फाउंडेशन द्वारा दान रूप में प्राप्त विद्यालय बस के उपलक्ष्य में अभिनन्दन समारोह का आयोजन किया गया.**

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई. इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यालय को मिली इस महत्वपूर्ण सहायता के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना तथा जनसमुदाय को शिक्षा विकास कार्यों से अवगत कराना रहा. कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी एवं एनआरआई सेवानिवृत्त सीए विजय अग्रवाल ने की, जबकि अवादा फाउंडेशन की निर्देशक ऋतु पटवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं.

विशेष अतिथियों में भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम साहू, जिला पंचायत सदस्य राकेश उइके, भाजपा जिला उपाध्यक्ष दीपक सिंह रघुवंशी, तथा ग्राम सियरमऊ के जगदीश प्रसाद विश्वकर्मा सम्मिलित हुए. अतिथियों ने अवादा फाउंडेशन के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार का सहयोग ग्रामीण शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है.

AVAADA
FOUNDATION

## अभिनंदन समारोह किया गया आयोजित

# सरस्वती शिशु मंदिर और बिरसा मुंडा जनजाति छात्रावास में हुआ बस पूजन

शुभ चौपाल संवाददाता ▼ सिलवानी

स्वर्गीय प्रीति शिक्षा समिति सियरमऊ द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर एवं बिरसा मुंडा जनजाति बालक छात्रावास में बुधवार को विद्यालय को अवादा फाउंडेशन द्वारा दान में मिली बस के उपलक्ष्य में बस पूजन एवं अभिनंदन समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी एवं एनआरआई सेवानिवृत्त सीए विजय अग्रवाल ने की। जबकि मुख्य अतिथि के रूप में अवादा फाउंडेशन की निदेशक ऋतु पटवारी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। समारोह में जिला पंचायत सदस्य राकेश उइके, भाजपा जिला उपाध्यक्ष दीपक सिंह रघुवंशी, भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम साहू तथा जगदीश प्रसाद विश्वकर्मा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। अतिथियों ने अवादा फाउंडेशन के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण अंचलों में शिक्षा के विकास हेतु इस प्रकार की पहल अत्यंत प्रेरणादायी है और इससे विद्यालयीन व्यवस्थाओं को मजबूती मिलेगी।



समिति अध्यक्ष ने उपस्थित सभी अतिथियों एवं संस्था को सहयोग प्रदान करने वाले समस्त दानदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार, छात्र-छात्राएं तथा क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

AVAADA
FOUNDATION

# सरस्वती शिशु मंदिर एवं बिरसा मुंडा जनजाति बालक छात्रावास सियरमऊ में बस पूजन एवं अभिनन्दन समारोह संपन्न

**जन जागरण संदेश**

**संवाददाता जहांज़ेब खान, सियरमऊ।** स्वर्गीय प्रीति शिक्षा समिति सियरमऊ द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर एवं बिरसा मुंडा जनजाति बालक छात्रावास में बुधवार, 10 दिसंबर 2025 को विद्यालय को अवादा फाउंडेशन द्वारा दान स्वरूप प्राप्त विद्यालय बस के उपलक्ष्य में 'अभिनन्दन समारोह' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालय को प्राप्त इस महत्वपूर्ण सहयोग के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना तथा जनसमुदाय को शिक्षा विकास कार्यों से अवगत कराना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता विजय अग्रवाल (समाजसेवी व हृद्ध सेवानिवृत C.A.) ने की। मुख्य अतिथि के रूप में अवादा फाउंडेशन की निदेशक ऋतु पटवारी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में विशेष अतिथियों – राकेश उइके (जिला पंचायत सदस्य), दीपक सिंह रघुवंशी (जिला उपाध्यक्ष भाजपा रायसेन), जगदीश प्रसाद विश्वकर्मा तथा श्याम साहू आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने अवादा फाउंडेशन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार का सहयोग ग्रामीण शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। समिति अध्यक्ष ने सभी अतिथियों एवं सहयोगकर्ताओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार, छात्र-छात्राएँ एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



AVAADA
FOUNDATION

# सरस्वती शिशु मंदिर एवं बिरसा मुंडा जनजाति छात्रावास में बस पूजन एवं अभिनन्दन समारोह संपन्न





**आज का संविधान सिलवानी**
सियरमऊ स्वर्गीय प्रीति शिक्षा समिति सियरमऊ द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर एवं बिरसा मुंडा जनजाति बालक छात्रावास में बुधवार को अवादा फाउंडेशन द्वारा दान रूप में प्राप्त विद्यालय बस के उपलक्ष्य में अभिनन्दन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई।

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यालय को मिली इस महत्वपूर्ण सहायता के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना तथा जनसमुदाय को शिक्षा विकास कार्यों से अवगत कराना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी एवं एनआरआई सेवानीवृत्त सी.ए.विजय अग्रवाल ने की,जबकि अवादा फाउंडेशन की निदेशक ऋतु पटवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। विशेष अतिथियों में भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम साहू,जिला पंचायत सदस्य राकेश उइके,भाजपा जिला उपाध्यक्ष दीपक सिंह रघुवंशी तथा ग्राम सियरमऊ के जगदीश प्रसाद विश्वकर्मा सम्मिलित हुए। अतिथियों ने अवादा फाउंडेशन के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार का सहयोग ग्रामीण शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। समिति अध्यक्ष ने सभी अतिथियों एवं सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ऋतु पटवारी ने बताया कि अवादा फाउंडेशन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता,शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण जैसी विभिन्न जनहितकारी योजनाएँ संचालित की जा रही हैं,जिससे ग्रामीण जनजीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकें। अध्यक्ष विजय अग्रवाल ने भी बच्चों एवं आचार्य परिवार को फाउंडेशन के उद्देश्यों और सामाजिक योगदान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर विद्या भारती के जनजाति शिक्षक प्रांत प्रमुख रूप सिंह लोहनें,लखन साहू,अरविंद शुक्ला,सर्वेश खरे,अमित शुक्ला,दीनबंधु तिवारी,सरपंच प्रतिनिधि मनोज रजक सहित छात्र छात्रों के अभिभावक एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहें। समारोह को सफल बनाने में विद्यालय परिवार एवं ग्रामवासियों का विशेष सहयोग रहा।

AVAADA
FOUNDATION

# आवादा फ़ाउंडेशन ने 150 वंचित छात्रों के लिए खगोल विज्ञान और अंतरिक्ष शिक्षा का मार्ग प्रशस्त किया



**उज्जैन।** आवादा फ़ाउंडेशन ने दूरस्थ ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों के 100 से अधिक छात्रों, उनके अभिभावकों और शिक्षकों के लिए एक व्यापक और प्रेरणादायक शैक्षिक यात्रा का आयोजन किया है। इस पहल के तहत, छात्रों ने मध्य प्रदेश के डोंगला में कर्क रेखा पर फ़ाउंडेशन द्वारा निर्मित अत्याधुनिक तारामंडल का भ्रमण किया, जिससे उनके लिए ज्ञान और विज्ञान की नई दुनिया के द्वार खुल गए हैं। आवादा फ़ाउंडेशन और आचार्य वराह मिहिर न्यास के संयुक्त प्रयास से उज्जैन, मध्य प्रदेश के डोंगला (कर्क रेखा के समीप) में एक विश्व-स्तरीय तारामंडल का निर्माण किया गया है। जिसका उद्घाटन माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा किया गया था। इस शैक्षिक भ्रमण की शुरुआत में, राजस्थान के करणीसर भटियान से 50 छात्र, गुजरात के माय गाँव, बचाउ, हालरा से 57 छात्र, और नागपुर ज़िले के तीन गाँवों के 57 छात्र (कुल 164 छात्र) इस अनूठे केंद्र पर पहुँचे। यहाँ छात्रों को विज्ञान, अंतरिक्ष, और खगोल विज्ञान जैसे विषयों का वह व्यावहारिक और उन्नत ज्ञान मिला जो आमतौर पर उनके दूरस्थ स्थानों पर सुलभ नहीं होता है। यह अनुभव दर्शाता है कि कैसे नवाचार और सही शैक्षणिक सुविधाएँ दूरस्थ क्षेत्रों के छात्रों के लिए शिक्षा की गुणवत्ता को रातोंरात बदल सकती हैं। 'आवादा फ़ाउंडेशन' हमेशा से ही पिछड़े और साधनहीन बच्चों को समर्थ एवं धनी बच्चों के समकक्ष शैक्षणिक वातावरण, सुविधाएँ और अवसरप्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। यह शैक्षिक यात्रा इसी बड़े उद्देश्य का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। फ़ाउंडेशन इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विद्यालयों को बसें प्रदान करना, वर्चुअल क्लासेज़ का संचालन, सरकारी विद्यालयों का पुनर्निर्माण, शिक्षकों की व्यवस्था, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की व्यवस्था इत्यादि ढेरो कार्य कर रहा है। छात्रों ने तारामंडल के साथ-साथ परिसर में बनी वेधशाला और जंतर मंतर का भी अवलोकन किया। भारत की प्राचीन और आधुनिक खगोलीय विरासत को समझने के लिए, आचार्य वराह मिहिर न्यास के प्रसिद्ध वैज्ञानिक श्री घनश्याम दास जी रतनानी ने बच्चों को इन संरचनाओं का भ्रमण कराया। उन्होंने परिसर में स्थित ऑडिटोरियम में एक रोचक और ज्ञानवर्धक विज्ञान व्याख्यान भी दिया, जिसने छात्रों की जिज्ञासा को और बढ़ाया। इस एकीकृत भ्रमण के दौरान ही उज्जैन के समृद्ध सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और वैज्ञानिक स्थलों का शैक्षिक भ्रमण भी आयोजित किया गया, जिससे छात्रों को मध्य प्रदेश की धरोहर को करीब से जानने का अवसर मिला। फ़ाउंडेशन की डायरेक्टर श्रीमती ऋतु पटवारी ने इस अवसर पर कहा, 'जब इन बच्चों ने हमारे तारामंडल में पहली बार ब्रह्मांड के दर्शन किए, तो उनके चेहरे पर जो विस्मय और प्रेरणा दिखी, वही हमारी सच्ची सफलता है। यह यात्रा सिर्फ़ शिक्षा नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और अदम्य इच्छाशक्ति का बीज बोने का एक प्रयास है। हम हर बच्चे को यह महसूस कराना चाहते हैं कि वे कितने भी दूरस्थ गाँव से क्यों न हों, उनके सपने असीम हैं।'

AVAADA FOUNDATION

# बस पूजन कार्यक्रम संपन्न



पीपुल्स संवाददाता • सिलवानी

मो.नं. 9826351628

सियरमऊ स्वर्गीय प्रीति शिक्षा समिति सियरमऊ द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर एवं बिरसा मुंडा जनजाति बालक छात्रावास में बुधवार को अवादा फाउंडेशन द्वारा दान रूप में प्राप्त विद्यालय बस के उपलक्ष्य में अभिनन्दन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी एवं एनआरआई सेवानीवृत्त सीए विजय अग्रवाल ने की, जबकि अवादा फाउंडेशन की निदेशक ऋतु पटवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम साहू, जिला पंचायत सदस्य राकेश उइके, भाजपा जिला उपाध्यक्ष दीपक सिंह रघुवंशी, जगदीश प्रसाद विश्वकर्मा , रूप सिंह लोहनें लखन साहू अरविंद शुक्ला ,सर्वेश खरे, अमित शुक्ला, दीनबंधु तिवारी, सरपंच प्रतिनिधि मनोज रजक आदि मौजूद रहे।